UP Board Solutions for Class 6 Home Craft Chapter 9 बनाई कला

बनाई कला

अभ्यास

प्रश्न 1.
वस्तुनिष्ठ प्रश्न
(1) मिलान करो-



(2) रिक्त स्थानों की पूर्ति करिए
(1) बार्डर बुनने के लिए **11 या 12** नंबर की सलाइयाँ प्रयोग होती हैं।
(2) बुनाई सदैव **ढीली** ऊन से डालें।
(3) बार्डर के फंदे सदैव **दोहरी** ऊन से डालें।

(3) निम्नलिखित कथनों में सत्य के सामने (✓) तथा असत्य के सामने (✗) का चिह्न लगाइए
(क) गर्म वस्त्र गर्मी में पहने जाते हैं। (✗)
(ख) बुनाई के लिए सलाइयाँ आवश्यक हैं। (✓)
(ग) घर पर बुनाई करने से समय का सदुपयोग तथा धन की बचत होती है। **(✓)**

प्रश्न 2.
अतिलघु उत्तरीय प्रश्न
(क) हम ऊनी वस्त्र क्यों पहनते हैं ?
उत्तर
ठंड से अपने शरीर की सुरक्षा के लिए जाड़े में ऊनी वस्त्र पहनते हैं।

(ख) ऊनी वस्त्र कितने प्रकार से बुने जाते हैं, उनके नाम लिखिए।
उत्तर
ऊनी वस्त्र दो प्रकार से बुने जाते हैं-

1. हाथ द्वारा
2. मशीन द्वारा

https://www.evidyarthi.in/

प्रश्न 3.
लघु उत्तरीय प्रश्न
(क) बुनाई कला का क्या अर्थ है ?
उत्तर
कलात्मक ढंग से ऊन के फंदे बनाकर सलाइयों के माध्यम से डिजाइनदार वस्त्र तैयार करना ही बुनाई कला है।

(ख) स्वयं बुनाई करने के किन्हीं दो लाभों को लिखिए।
उत्तर
स्वयं बुनाई करने के दो लाभ हैं

- अपने मनपसंद रंग व डिजाइन के वस्त्र कम दाम में बनाया जा सकता है।
- समय का सदुपयोग होता है एवं धन कमाया जा सकता है।

प्रश्न 4.
दीर्घ उत्तरीय प्रश्न
(क) ऊनी वस्त्र बुनते समय आप कौन-कौन सी सावथानियाँ रखेंगे।
उत्तर
ऊनी वस्त्रों को बुनते समय निम्नलिखित सावधानियाँ बरतनी चाहिए

1. बुनाई करने लिए हमेशा अच्छी क्वालिटी की सलाइयों का प्रयोग करें।
2. सलाइयों को बच्चों की पहुँच से दूर रखें।
3. साफ हाथ से बुनाई करें।
4. ऊन को बैग में रखें जिससे गंदी न हो पाए।
5. बुनाई अच्छी रोशनी में करें।
6. स्वेटर बार्डर, गले व मुडढे के बार्डर में 11 या 12 नंबर की सलाई का ही प्रयोग करें।
7. बार्डर के फंदे दोहरी ऊन से डालें।

(ख) सीधा एवं उल्टा फंदा बुनने की विधि लिखिए।
उत्तर
(1) सीधा फंदा- सीधा फंदा बुनते समय खाली सलाई को दाहिने हाथ में तथा फंदों वाली सलाई को बाएं हाथ में पकड़े। इसके बाद दाएं हाथ की खाली सलाई को बाएं हाथ की सलाई के फंदे में
नीचे की ओर घुमाकर ऊन को एक बार बढ़ाकर फंदे के अंदर से निकालें। इसके बाद बाएं हाथ की सलाई से फंदे को गिरा देते हैं। इस प्रकार सीधा फंदा बुना गया।

(2) उल्टा फंदा- उल्टे फंदे में दाएं हाथ की सलाई को फंदे के बीच में से नीचे की ओर निकालते हुए अपनी ओर लाएं। सलाई की नोक पर ऊन को एक बार लपेटें और उसका लूप बनाते हुए इसे बाएं हाथ की सलाई के फंदे में से गिराते हुए निकाल लें। इस प्रकार ये फंदा उल्टा बुना गया।

https://www.evidyarthi.in/